भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4922

01 अप्रैल, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

विकास योजनाएं और परियोजनाएं

4922. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में वर्तमान में कार्यान्वित की जाने वाली आयुष की विकास योजनाओं और परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महाराष्ट्र के लिए कोई परियोजना मंत्रालय के विचाराधीन है;

(ग) यदि हां, तो जिले-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): आयुष मंत्रालय आयुष पद्धतियों के विकास एवं संवर्धन हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित स्कीम कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को उनके द्वारा राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुसार सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है। एनएएम के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से 2014-15 से 2021-22 तक उनके एसएएपी में प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार जारी की गई निधियों की स्थिति, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार **संलग्नक** पर दी गई है।

(ख) से (घ): आयुष मंत्रालय ने महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित विभिन्न कार्यकलापों के लिए चालू वर्ष के लिए एसएएपी को मंजूरी दी है। तथापि, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 23-03-2021 के कार्यालय ज्ञापन सं. एफ. सं. 1(13) पीएफएमएस/एफसीडी/2020 द्वारा जारी शर्तों के अनुपालन नहीं होने के कारण चालू वर्ष के दौरान केंद्रीय हिस्से का सहायता अनुदान जारी नहीं किया जा सका। यह स्पष्ट किया जाता है कि एनएएम के तहत जिलावार सहायता अनुदान जारी करने का कोई प्रावधान नहीं है।

*****

संलग्नक

एनएएम के तहत, 2014-15 से 2021-22 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जारी की गई निधियों की स्थिति

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम**	**जारी की गई राशि**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	2080.100
2	आंध्र प्रदेश	7578.053
3	अरुणाचल प्रदेश	3429.959
4	असम	8788.628
5	बिहार	6930.799
6	चंडीगढ़	1258.554
7	छत्तीसगढ़	7983.576
8	दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव	484.248
9	दिल्ली	726.305
10	गोवा	1554.315
11	गुजरात	8167.082
12	हरियाणा	9859.177
13	हिमाचल प्रदेश	7464.261
14	जम्मू और कश्मीर	9064.738
15	झारखंड	3504.811
16	कर्नाटक	13054.742
17	केरल	11625.911
18	लक्षद्वीप	1248.338
19	मध्य प्रदेश	24533.003
20	**महाराष्ट्र**	**8439.518**
21	मणिपुर	6504.988
22	मिजोरम	3658.244
23	मेघालय	3256.723
24	नागालैंड	6385.517
25	ओडिशा	8710.175
26	पुदुचेरी	1469.741
27	पंजाब	5091.974
28	राजस्थान	23051.306
29	सिक्किम	2729.736
30	तमिलनाडु	11425.565
31	तेलंगाना	8564.064
32	त्रिपुरा	3317.532
33	उत्तर प्रदेश	57348.761
34	उत्तराखंड	9873.847
35	पश्चिम बंगाल	11856.334
36	लद्दाख	187.454
कुल		**301208.079**